Total number of printed pages–8

14 (HIN–3) 3055

2021

(Held in 2022)

HINDI

Paper : HIN–3055

(Prayojanmulak Hindī)

(प्रयोजनमूलक हिन्दी)

Full Marks : 64

Time : Three hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

1. सही विकल्प का चयन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) भारतीय संविधान के 343वें अनुच्छेद के किस खण्ड के अन्तर्गत हिन्दी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार कर लिया गया है?

(i) खण्ड (१)

(ii) खण्ड (२)

Contd.

(iii) खण्ड (३)

(iv) खण्ड (४)

(ख) संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत यह प्रावधान किया गया है कि — राज्य का विधान-मण्डल, विधि द्वारा, उस राज्य के राजकीय प्रयोजनों में से सब या किसी के लिए प्रयोग के अर्थ उस राज्य में प्रयुक्त होने वाली भाषाओं में से किसी एक या अनेक को या हिन्दी को अंगीकार कर सकेगा?

(i) 342

(ii) 343

(iii) 345

(iv) 344

(ग) उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में तथा अधिनियमों, विधेयकों आदि में प्रयोग की जाने वाली भाषा की बात संविधान के किस अनुच्छेद में की गयी है?

(i) 349

(ii) 350

(iii) 348

(iv) 347

(घ) संविधान में राजभाषा के लिए लिपि निर्धारित है —

(i) उर्दू लिपि

(ii) रोमन लिपि

(iii) ब्राह्मी लिपि

(iv) देवनागरी लिपि

(ङ) संविधान की अष्टम अनुसूची में इन दिनों कितनी भाषाएँ सम्मिलित हैं?

(i) बाईस

(ii) चौबीस

(iii) चौदह

(iv) अठारह

(च) आलेखन कहते है —

(i) अखबार के लिए विशेष लेखन

(ii) विशिष्ट प्रकार के साहित्यिक लेखन

(iii) विभिन्न प्रकार के पत्रों का लेखन

(iv) न्यायालयों में प्रयुक्त विशेष लेखन

(छ) राजभाषा अधिनियम, 1963 को किस ई॰ सन् में संशोधित किया गया था?

(i) 1965 ई॰

(ii) 1967 ई॰

(iii) 1970 ई॰

(iv) 1976 ई॰

(ज) 'Notification' शब्द का हिन्दी पर्याय है —

(i) सूचना

(ii) संसूचना

(iii) परिसूचना

(iv) अधिसूचना

(झ) 'Affidavit' शब्द के लिए हिन्दी पारिभाषिक शब्द है —

(i) आदेशपत्र

(ii) शपथपत्र

(iii) अनुरोध-पत्र

(iv) अभियोग-पत्र

(ञ) संविधान की अष्टम अनुसूची में सम्मिलित भाषा नहीं है —

(i) राभा

(ii) बड़ो

(iii) मणिपुरी

(iv) सिंधी

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×7=14

(क) सम्पर्क भाषा किसे कहते हैं?

(ख) राजभाषा और राष्ट्रभाषा में क्या अन्तर है?

(ग) किस स्थिति में अनुस्मारक भेजा जाता है?

(घ) कार्यालयी पत्र का आशय क्या है?

(ङ) अन्तर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में हिन्दी की स्थिति को स्पष्ट कीजिए।

(छ) 'प्रयोजनमूलक हिन्दी' का तात्पर्य बताइए।

(छ) संक्षेपण-लेखन के नियमों का उल्लेख कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किन्हीं दो* के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×2=10

(क) संविधान के 351वें अनुच्छेद में सन्निहित हिन्दी के स्वरूप के विकास की परिकल्पना का खुलासा कीजिए।

(ख) राजभाषा के रूप में हिन्दी की वर्तमान स्थिति पर टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए।

(ग) पारिभाषिक शब्द किसे कहते हैं? निम्नलिखित पद-नामों के हिन्दी पर्याय लिखिए :

Chief Medical Officer, Accountant General, Block Development Officer, Deputy Manager, Education Officer, Economic Advisor.

(घ) अनुस्मारक की एक रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए।

(ङ) राजभाषा अधिनियम, 1963 की, मूलभूत बातों का उल्लेख कीजिए।

4. एक उपयुक्त शीर्षक देकर निम्नलिखित पद्यांश का संक्षेपण कीजिए : 1+9=10

नयी कविता, वैविध्यमय जीवन के प्रति आत्म-चेतन व्यक्ति की संवेदनात्मक अभिव्यक्ति है। चूंकि आज का वैविध्यमय

जीवन विषम है, आज की सभ्यता ह्रासग्रस्त है, इसलिए आज की कविता में तनाव होना स्वाभाविक है। किसी भी युग का काव्य अपने परिवेश से या तो द्वन्द्व के रूप में स्थित होता है या सामंजस्य के रूप में। नयी कविता अधिकतर द्वन्द्व रूप में स्थित है। इसका अर्थ यह नहीं है कि नयी कविता में हृदय का सहज रस या रमणीयता नहीं है। इसके निकृष्ट उदाहरणों को चुनकर उस पर दोषारोपण करना व्यर्थ है। उसके श्रेष्ठ उदाहरणों को लेकर ही उसके विषय में कुछ कहा जा सकता है। नयी कविता ने नये विषय, नयी उपमाएँ, नयी प्रतीक-योजना, नयी भाव-पद्धति प्रदान की है। लेकिन ये सब बातें सिर्फ इसलिए कही गई हैं कि हम लोग उसकी उपलब्धियों को सबसे पहले पहचान लें। नयी कविता का स्वर एक नहीं है, विविध है। एक ओर, यदि उसमें सुकोमल तीव्र गीतात्मक स्वर है, तो दूसरी ओर, तीव्र आलोचना का स्वर भी।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किन्हीं दो* के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) विदेशों में हिन्दी का प्रचार-प्रसार किस प्रकार होता आ रहा है, उस पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

(ख) राजभाषा नियम, 1976 के प्रमुख प्रावधानों का खुलासा कीजिए।

(ग) कार्यालयों में बहुधा प्रयुक्त होने वाले निम्नलिखित वाक्यांशों के हिन्दी पर्याय प्रस्तुत कीजिए :

as early as possible, as may be necessary, as already pointed out, benefit of doubt, call for explanation, due to unavoidable circumstances, in case of failure, I shall be obliged, it is regrettable, needs no comment.

(घ) परिपत्र के प्रयोग की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए उसकी एक रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए।